# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## लिपिक ग्रेड–II ऑनलाईन परीक्षा के सम्बंध में दिशा निर्देश

**ऑनलाईन लिपिक ग्रेड–II परीक्षा 2013 के द्वितिय चरण की टाईप टेस्ट परीक्षा हेतु आयोग द्वारा कम्प्यूटर उपलब्ध कराये जाने के एवज में कम्प्यूटर शुल्क राशि 200 रूपये आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध होने पर लिपिक ग्रेड–II परीक्षा के अर्न्तगत उपलब्ध लिंक का चयन कर ऑनलाईन जमा करावें एवं अभ्यर्थी स्वंय की सेवा विभाग प्राथमिकता क्रम को भरना सुनिश्चत करे। एवं अभ्यर्थियों के लिए अन्य अनुदेश निम्नानुसार हैः–**

1. अभ्यर्थी गति/दक्षता परीक्षण परीक्षा के लिए निर्धारित समय सारणी के अनुसार एक घण्टे पूर्व परीक्षा स्थल पर अपनी उपस्थिती देवें ताकि उन्हें परीक्षा से पूर्व परीक्षा सम्बंधी ब्रीफिंग दी जा सके और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा सके। इसके लिए परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व निर्धारित ब्रीफिंग कक्ष में उपस्थित हों। यदि ब्रीफिंग कक्ष में स्थान का अभाव हो, तो आप निर्धारित स्थान पर बैठकर प्रतीक्षा करें।

2. आशा है आपने ऑनलाईन परीक्षा के सम्बंध में आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मोक टेस्ट को देख लिया होगा और उसकी प्रक्रिया को समझ लिया होगा, फिर भी यदि किसी बिन्दु पर आपको अस्पष्टता है, तो ब्रीफिंग के समय आप उसका समाधान कर लें।

3. यदि आपने मोक टेस्ट को पहले से नहीं देखा है, तो भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है और आप ब्रीफिंग में इस प्रक्रिया को समझ सकते हैं। परीक्षा कक्ष में भी किसी समय कोई दिक्कत आने पर समाधान के लिए समुचित कार्मिक उपलब्ध रहेंगे।

4. लिपिक **ग्रेड–II** प्रथम फेज परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण में कम्प्यूटर पर प्रायोगिक परीक्षा हेतु उपस्थित होना होगा। यह परीक्षा कम्प्यूटर पर ऑनलाइन ली जायेगी, जिसमें प्रश्न–पत्र ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। प्रायोगिक परीक्षा के अन्तर्गत प्रश्नपत्र 4 भागों में होंगे–

| प्र.पत्र सं. | विषय | समय | अंक | अर्हता हेतु न्यूनतम प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **हिन्दी गति परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **2** | **अंग्रेजी गति परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **3** | **हिन्दी दक्षता परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |
| **4** | **अंग्रेजी दक्षता परीक्षण** | 10 मिनट | 25 | **9** |

**5.** परीक्षा के संबंध में सामान्य नियम, प्रश्न पत्र के स्वरूप, परीक्षा की प्रक्रिया, मूल्यांकन संबंधी मानदंड, अभ्यर्थियों के लिये दिशा–निर्देश निम्नानुसार होंगे–
**(नोटः–** प्रश्न–पत्र के स्वरूप व अंकों का विभाजन व मूल्यांकन संबंधी अन्य मानदंड आयोग द्वारा बाद में भी तय किये जा सकते हैं)

### क – गति परीक्षण (Speed Test)

6. अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र परिच्छेद (Paragraph) ) को लाईनवार प्रदर्शित किया जावेगा एवं अभ्यर्थियों को उक्त को लाईनवार ही टाईप करना होगा। अंग्रेजी में परिच्छेद 500 शब्दों का होगा एवं हिन्दी में परिच्छेद 400 शब्दों का होगा।

7. अंग्रेजी में प्रत्येक सही 100 शब्द पर 5 अंक निर्धारित होंगे तथा हिन्दी में प्रत्येक सही 80 शब्द पर 5 अंक निर्धारित होंगे।

8. दक्षता परीक्षा की मूल्यांकन प्रक्रिया में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जाएगा, जो गति परीक्षण में उक्तानुसार न्यूनतम अर्हता प्राप्त कर लेंगे। अभ्यर्थियों के मूल्यांकन हेतु अंक की गणना प्रक्रिया में कतिपय सामान्य त्रुटियों के अंक नहीं दिये जावेगें जिसकी सूची निम्नानुसार हैः–

- गलत वर्ण, शब्द या अंक लिखना
- वर्णों, शब्दों या अंकों का छूटना
- वर्णों, शब्दों, अंकों या पंक्ति की पुनरावृत्ति करना
- विराम चिह्नों का यथावत प्रयोग नहीं करना
- शब्द–अंतराल में त्रुटि करना
- अंग्रेजी में कैपिटल एवं स्माल लेटर का यथावत प्रयोग नहीं करना
- हिन्दी में मात्राओं का यथावत प्रयोग नहीं करना
- मात्राओं में की गयी अनावश्यक आवर्ती जो कि दिखनें में नजर नहीं आती किन्तु कम्प्यूटर गलत बताता है। उदाहरण

  1. स्कूल = Ldwy<br>
  2. स्कूल = Ldwwwwwwy<br>
  इसमें स्कूल = Ldwy को ही सही माना जायेगाा।
- वर्णो का टंकन उचित प्रकार से नहीं करना उदाहरण :

  1.म = E,<br>
  2.म = Ek<br>
  इसमें म = E को ही सही माना जायेगा।


## ख – दक्षता परीक्षण (Efficiency Test)

9. इस भाग के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओं में प्रश्न पत्र सारणी (Spread Table) के रूप में दिये जाएंगे, जिनमें आंकड़ों का अंकन (Data Entry) एवं सूत्र–संयोजन करते हुए सामान्य कार्यालयोपयोग आधारित प्रश्नों (जैसे योग, औसत, प्रतिशत आदि की गणना) को दर्शाना होगा। इस भाग के प्रत्येक भाषा मे कुल अंक 25 होंगे एवं इसके लिए 10 मिनट का समय प्राप्त होगा।

## – अन्य दिशा–निर्देश –

10. अंग्रेजी टाईप के लिये प्रचलित फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिन्दी टाईपिंग के लिये Standard की–बोर्ड एवं DevLys 010 फोंट का प्रयोग किया जायेगा।

**Hindi Keyboard**




**नोटः– यह की–बोर्ड केवल दृष्टांत रूप है, इसे क्मअस्ले 010 फोंट के अनुरूप चैक कर लेवें। की–बोर्ड (Keyboard) की कुछ keys DevLys 010 फोंट के अनुरूप दृष्टांत से भिन्न हो सकती है।**

11. अभ्यर्थी को चारों प्रश्न पत्रों में दोनों भाषाओं की गति व दक्षता परीक्षण की परीक्षा देना अनिवार्य है, अन्यथा वह अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

12. परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी को दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेना चाहिये तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें।

13. अभ्यर्थी परीक्षा हाल में अपनी जगह पर बैठने के पश्चात् कृपया सुनिश्चित कर लेंवे कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की–बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं। परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर को सूचित नहीं करने की दशा में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

14. टंकण गति परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सोफ्टवेयर का उपयोग किया जायेगा।

15. अभ्यर्थी द्वारा एक बार टेस्ट बटन शुरू करने के बाद व सीधा पूर्ण समय होने के बाद ही रुकेगा, अतः अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि समय को नष्ट किये बगैर दिये गये प्रश्न पत्र को पूर्ण रूप से सही टाईप/प्रविष्टियाँ करने की कोशिश करें।

16. प्रथम फेज की परीक्षा में सफल एवं पात्र अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) उपलब्ध होने पर अपना डाउनलोड कर लें। अभ्यर्थी परीक्षा के समय डाउनलोड किये हुए प्रवेश–पत्र के साथ एक मूल फोटोयुक्त आई.डी. कार्ड भी साथ में लाएं अन्यथा परीक्षा मे प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

17. परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल फोन इत्यादि का प्रयोग वर्जित रहेगा।

18. अभ्यर्थी अपना कोई की–बोर्ड एवं कोई की–बोर्ड स्टीगर साथ लेकर नहीं आवें। परीक्षा में किसी भी प्रकार के की–बोर्ड स्टीगर की अनुमति नहीं है।

19. आयोग परीक्षा की अभ्यर्थी की रिपोर्ट आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है जिसे अभ्यर्थी उसे वहां से देख सकते हैं।

20. कम्प्यूटर पर ऑन लाइन परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के आप स्वंय जिम्मेदार होगें।

21. पूर्व दिशा–निर्देशों मे दिया गया की–बोर्ड (Keyboard) एक उदाहरण हेतु उपयोग में लिया गया था, आपकों DevLys 010 हिन्दी फोन्ट में ही परीक्षा हिन्दी परीक्षा हेतु उपयोग करना है।

22. परीक्षा के दौरान Control Key का उपयोग नहीं करें । Backspace Key का उपयोग किया जा सकता है।

23. ऐक्सल जैसी दिखनें वाली टेबल में आपको डेटा ऐन्ट्री करनी है व फार्मूला वाले स्थान पर सूत्र लिखने को निर्देशित किया गया है।

24. परीक्षा में यथा संभव किसी शॉर्टकट की का प्रयोग नहीं करें।

25. पूरी ऑन लाइन परीक्षा में माउस का उपयोग आवश्यकता होने पर किया जा सकता है।

26. यदि किसी कारण से हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है तो अभिजागर को तुरन्त सूचित करने हेतु हेल्प बटन का उपयोग करें।


27. आपको परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपना रोल नम्बर एंव पासवर्ड हेतु आवेदन क्रमांक की अन्तिम चार अंको का उपयोग करना है । उक्त रोल नम्बर एंव आवेदन क्रमांक आपके प्रवेश पत्र पर अंकित है।

# सोफ्टवेयर के उपयोग हेतु दिशा–निर्देश


1. ऑनलाईन परीक्षा में सर्वप्रथम आपको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर पर आपसे रोल नम्बर पूछा जावेगा व आवेदन क्रमांक की अन्तिम चार अंको को पासवर्ड मे यूज करना होगा। समय शुरू होने पर दिये गये Start Exam बटन को दबायेंगे। कम्प्यूटर पर दृष्य निम्नप्रकार होगा–





2. अभ्यर्थी दिशा–निर्देश के लिए Instructions बटन को क्लिॅक कर सकता है जो निम्न उदाहरणार्थ स्कीन दिखलायेगा।





3. गति परीक्षण में हिन्दी/अंग्रेजी भाषा में ऑनलाईन परीक्षा की स्कीन निम्नानुसार होगी –




4. समय खत्म होते स्कीन पर समय खत्म होने का संकेत आवेगा साथ ही अगली परीक्षण परीक्षा हेतु समय का संकेत भी होगा कि कितने समय में अगला परीक्षण प्रारम्भ होगा। उदाहरण के लिये निम्न स्कीन में समय खत्म होने व आगामीं परीक्षण 36 सैकण्ड मे आरम्भ होनें का संकेत है । आपको अगला परीक्षण के मध्य 40 सैकण्ड दिया जावेगा।





5. दक्षता परीक्षण में हिन्दी / अंग्रेजी भाषा में ऑनलाईन परीक्षा की स्क्रीन निम्नानुसार होगी –




6. परीक्षा समय मे किसी तकनीकी समस्या हेतु निम्न दर्शाये गये बटन को क्लिॅक करे तो एक मिनिट के लिए परीक्षा Pause हो जायेगी, इस बीच अभ्यर्थी अभिजागर (Invigilator) से समस्या का निराकरण करवा सकता है । इसे केवल पूर्ण परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा तीन बार ही उपयोग में लाया जा सकता है।




7. परीक्षा समय खत्म होते स्क्रीन पर समय खत्म होने का संकेत निम्न प्रकार आवेगा –

